वर्ष-8 | अंक 37 | 06 मई से 12 मई 2024 तक | पृष्ठ-12 | MPHIN/2015/63623

# न्यूज क्राइम फाइल

आमंत्रण मुल्य 15/-

ग्वालियर, भिंड, मुरैना, छतरपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, सिवनी, जबलपुर, रीवा, सतना, होशंगाबाद, हरदा एवं इंदौर में प्रसारित।

**सीएम ने कहा-** कांग्रेस नेता महिलाओं का करते है अपमान, इनकी मानसिकता खराब

# जो राम को नहीं जानता, उसे देश नहीं पहचानता: मोहन

उदय प्रताप सिंह चौहान

भिंड में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- देश और प्रदेश का विकास बीजेपी की सरकार में हुआ है। जब तक देश के अंदर बीजेपी की सरकार है, नरेंद्र मोदी की सरकार है, तब तक किसान, जवान और महिलाओं को सम्मान मिलता रहेगा। वे भिंड के अटेर विधानसभा के फूप में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। इसके बाद दूसरी सभा मुख्यमंत्री ने गोहद में ली। उन्होंने-कहा कि जो राम को नहीं पहचानता है, उसको देश की जनता नहीं पहचानती है। अब ऐसे में उनको वोट नहीं मिलते हैं तो उनको आत्म मंथन करना चाहिए। मुख्यमंत्री यादव ने कांग्रेस पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री एवं कई बार की डबरा से विधायक रह चुकी बहन इमरती देवी के बारे में अनर्गल बयान देकर उन्होंने अपनी मानसिकता को जाहिर किया है। त मुख्यमंत्री ने कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर भी सीधा हमला बोला और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने महिलाओं को लेकर पहले टंच माल और दिग्विजय सिंह ने आइटम जैसे शब्दों का इस्तमाल किया था, जिससे उनकी मानसिकता जाहिर होती है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने दतिया के भांडेर के मेला ग्राउंड में भी सभा की। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को लेकर कहा- पूर्व मिनिस्टर इमरती को लेकर उन्होंने गलत बात कही। कांग्रेस को जीतू पटवारी से इस्तीफा मांगना चाहिए। जीतू तो अब माफी मांगते हुए छिपते नजर आ रहे हैं। वहीं, गांधी परिवार पर भी निशाना साधा। बोले- कांग्रेस तो एक ही परिवार का विकास करती है। भिंड में मुख्यमंत्री यादव ने भाषण में रघुकुल रीत का उल्लेख करते हुए कहा कि जो पार्टी ने कहा वह करके दिखाया है। पार्टी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण करवा दिया है। महाकाल लोक भी बीजेपी ने सजा दिया है। अब बारी है काशी और मथुरा की। मंच से आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आप काशी कॉरिडोर और मथुरा में भगवान



श्री कृष्ण की जन्म भूमि पर विराजमान देखना चाहते हो तो बीजेपी के पक्ष में मतदान करें। 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से देश की गद्दी पर बैठाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले अपने पिता की और अब अपनी मां की सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। जिस सीट पर चुनाव लड़ते है वहां पर विरासत को मिटा देते हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार में जब पाकिस्तानी आतंकी हमला करते थे तो तत्कालीन कांग्रेस की सरकार चुप्पी साथ कर बैठी रहती थी। बीजेपी के नरेंद्र मोदी के शासनकाल में जब पुलवामा अटैक हुआ तो भारतीय जवानों ने उनके घर में घुसकर आतंकियों का सफाया किया था। हमारे एक जवान अभिनंदन को भी पाकिस्तान ने पकड़ लिया था तो बिना किसी शर्त के भारत वापस आए थे। भारत की नरेंद्र मोदी सरकार का साहस और हिम्मत ही है कि पाकिस्तान भी अब भारत के सामने सर ऊंचा नहीं कर पा रहा है। यह हमारे भारत की सेवा का शौर्य है कि पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों का सफाया किया था।

■कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संध्या राय ने कहा कि जब वर्ष 2019 में आप लोगों ने मुझ पर विश्वास जाहिर किया था। तब मैं सांसद बन सकी थी। आपके एक वोट की ताकत से तीन तलाक जैसे कानून देश से बीजेपी की नरेंद्र मोदी की सरकार ने खत्म किया। आपके एक वोट की ताकत से कश्मीर से धारा 370 हटाई जा सकी। आपके एक वोट की ताकत से भगवान राम का मंदिर अयोध्या में बन सका। उन्होंने कहा कि आज फिर प्रत्याशी पार्टी ने बनाया है। आप लोगों के आशीर्वाद की जरूरत है। आपका एक वोट देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाएगी।

■पूर्व मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने मंच से अटेर विधानसभा की जनता को आह्वान करते हुए कमल के फूल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीजेपी आपकी शुभचिंतिक पार्टी है। आपकी हितैषी पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बरैया, ततैया को मैदान में उतारा है। उस प्रत्याशी की भाषा शैली खराब है। वो जातिगत द्वेष रखता है। उसके पास शब्द नहीं है। वो डंक मारकर जाति द्वेष रखता है। इस मौके पर बीजेपी के कई वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे।

**कांग्रेस में एक ही परिवार का विकास**

दतिया में सीएम ने कहा- भाजपा तो सबका साथ मांगती है और सबका विकास करती है, लेकिन कांग्रेस तो सबका साथ मांगती है और एक ही परिवार की बात करती है। जब इनका काम पड़ा तो यह सबसे आगे किससे आगे करेंगे। राहुल के पीछे जाओ तो सोनिया मिलेंगी, उनसे पूछो सब का साथ, सब का विकास तो, वह बोलेंगी मैं तो राजीव गांधी की पत्नी हूं। अब बताओ 10 साल उनकी मम्मी ने सरकार चलाई, उनके पिता ने 5 साल चलाई, उनके आगे जाओ राहुल की दादी 17 साल सरकार चलाई। उनके आगे जाओ तो 18 साल नेहरू ने सरकार चलाई। यह सबका साथ सबका विकास नहीं करते। यह केवल एक परिवार की बात करते हैं।

### बड़वानी में एसडीएम रहते दुष्कर्म का आरोप; पीड़ित ने 4 दिन पहले कराई थी एफआईआर

# डिप्टी कलेक्टर रेप के आरोप में गिरफ्तार



आरोपी अफसर को बड़वानी पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया।

**संजीव कुमार**

उज्जैन में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर डॉ. अभय सिंह खराड़ी को रेप के आरोप में बड़वानी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक महिला कर्मचारी ने 29 अप्रैल को उनके खिलाफ बड़वानी के महिला थाने में केस दर्ज कराया था। इसके बाद से ही खराड़ी फरार चल रहे थे। बड़वानी पुलिस ने गुरुवार रात को भोपाल से उन्हें गिरफ्तार किया। शुक्रवार को उन्हें बड़वानी कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बता दें कि डॉ. अभय खराड़ी बड़वानी में पदस्थ थे। लोकसभा चुनाव के चलते एक महीने पहले ही उनका उज्जैन ट्रांसफर हुआ था। डॉ. खराड़ी 2016 में बड़वानी में एसडीएम रह चुके हैं। रेप का ये मामला इसी दौरान का है। पीड़िता से उन पर डरा धमका कर रेप करने का आरोप लगाया था।

**आरोपी ने मोबाइल स्विच ऑफ कर रखा था**

बड़वानी में महिला थाना टीआई अलका मेनिया ने बताया कि आरोपी अफसर की तलाश में चार सदस्यीय टीम कई जिलों में पहुंची थी। खराड़ी ने चालाकी दिखाते हुए अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर रखा था। उनकी तलाश में पुलिस टीम सबसे पहले धार पहुंची। वहां से इंदौर पहुंची। उसके बाद साइबर टीम की मदद से भोपाल में दबिश देकर गुरुवार रात उन्हें गिरफ्तार किया।



**पत्नी से भी विवाद चर्चा में रहा**

बड़वानी में एसडीएम के पद पर रहने के दौरान खराड़ी उनकी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में रहे हैं। वहीं, उनकी पत्नी से भी विवाद भी सुर्खियों में रहा है। बड़वानी में एसडीएम रहने के बाद पिछले साल ही प्रमोशन होकर उनको बड़वानी में डिप्टी कलेक्टर बनाया था।

# एलबीएस हॉस्पिटल से वसूले 50 हजार रुपए

### मोतिया तालाब में सीवेज मिलाने पर कार्रवाई; पर्यावरण क्षतिपूर्ति के 2 लाख रु. भी वसूले




**न्यूज क्राइम फाइल**

भोपाल के एलबीएस हॉस्पिटल के विरुद्ध शनिवार को नगर निगम ने 50 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की। वार्ड नंबर-8 के अंतर्गत मोतिया तालाब के सामने स्थित हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान पाया कि हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा अस्पताल के बिना उपचारित सीवेज को खुले में बहाया जा रहा है, जो मोतिया तालाब में मिल रहा है। इस पर निगम अमले ने कार्रवाई की। साथ ही बिना उपचारित सीवेज तालाब में प्रवाहित करने पर एनजीटी द्वारा पूर्व में उक्त संस्थान पर अधिरोपित की गई 40 लाख रुपए की राशि में से 2 लाख रुपए की वसूली भी की गई। निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी जोन-5 आरबी त्रिपाठी के नेतृत्व में सहायक यंत्री शीतल विश्वकर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी आसिफ नजीर, वार्ड प्रभारी मुजाहिद सिद्दकी ने यह कार्रवाई की।

**1 करोड़ 11 रुपए की राशि अधिरोपित की गई**

एनजीटी द्वारा वार्ड-8 के अंतर्गत स्थित विभिन्न अस्पतालों व अन्य संस्थानों से निकलने वाले सीवेज को बिना उपचारित किये तालाबों में बहाए जाने पर कुल 1 करोड़ 11 लाख 20 हजार 300 रुपए की राशि पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में अधिरोपित की गई है। निगम द्वारा उक्त क्षतिपूर्ति की राशि संबंधित संस्थानों से वसूल करने की कार्रवाई की जा रही है। अनेक संस्थानों द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान कर भी दिया गया है, लेकिन एलबीएस हॉस्पिटल प्रबंधन ने राशि जमा नहीं की। किश्तों में राशि जमा कराते हुए अब 2 लाख रुपए जमा कराए गए हैं।

## यूपीएससी में चयन कराने के नाम पर दिया वारदात को अंजाम, जेवरात भी हड़पे

# भोपाल में बी.टेक छात्रा से तंत्र-मंत्र के नाम पर ज्यादती



न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल में बीटेक की छात्रा से तंत्र-मंत्र के नाम पर ज्यादती का मामला सामने आया है। यूपीएससी में चयन कराने के नाम पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों ने धार्मिक अनुष्ठान के नाम पर लड़की से लाखों रुपए के सोने के जेवरात भी लेकर हड़प लिए हैं। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सहित एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। घटना दो साल पुरानी है। पिपलानी पुलिस के मुताबिक 21 वर्ष की युवती बीटेक सेकेंड ईयर की पढ़ाई एक कॉलेज से कर रही है। कॉलेज में ही उसका परिचय अभिषेक जाट नाम के युवक से हुआ था। दोनों की दोस्ती के बाद फोन पर बातें होने लगी। कुछ दिन बाद अभिषेक ने युवती को प्रपोज किया तो लड़की ने यह कहते हुए अभिषेक के प्रपोजल को नकार दिया कि वह पहले अपना करियर बनाना चाहती है। यूपीएससी क्लियर कर कलेक्टर बनना उसका सपना है।

**अभिषेक ने यूपीएससी में सिलेक्शन कराने का झांसा दिया**

आरोपी अभिषेक ने पिछले दिनों लड़की को बताया कि उसका दोस्त अमर माली एक गुरुजी को जानता है। वे तंत्र-मंत्र के जरिए एग्जाम क्लियर कराने में मदद कर सकते हैं। आरोपी की बातों में आने के बाद पीड़िता ने फोन पर अमर से बात की। अमर उससे मिलने कॉलेज आने लगा।

**सोना रखकर अनुष्ठान का झांसा दिया था**

अमर ने पीड़िता को झांसा दिया कि गुरुजी से बात हो गई है। एक खास धार्मिक अनुष्ठान करना होगा। इससे तुम्हारी मनचाही मनोकामना पूरी होगी। अमर ने कॉल पर एक गुरुजी से उसकी बात भी कराई थी। गुरुजी ने बताया कि अनुष्ठान के लिए कलश में सोने के जेवरात रखकर पूजा करनी होगी। इसके बाद लड़की ने अमर को कुछ जेवरात दिए, यह जेवरात अमर ने लौटा दिए और बताया कि जेवरात कम हैं। कलश जेवरात से पूरा नहीं भरेगा तब तक पूजा संपन्न नहीं होगी। कुछ दिन बाद लड़की ने अपनी, चाची, दादी और मां सहित स्वयं के जेवरात तीन बार में अमर को दे दिए।

**ऐसे किया ज्यादती के लिए मजबूर**

अमर ने जेवरात लेने के बाद पीड़िता को कुछ दिन तक नहीं लौटाए। बाद में उसे कॉल पर गुरुजी से बात कराई और गुरुजी ने आदेश किया कि अगर मनचाही मनोकामना पूरी करना है तो तुम्हें अभिषेक जाट से संबंध बनाना होंगे। आरोपियों के झांसे में आने के बाद लड़की इस बात के लिए भी राजी हो गई। तब अभिषेक ने 1 जून 2022 को पीड़िता के साथ एक होटल के रूम में ज्यादती की। इसके बाद उसका फोन रिसीव करना बंद कर दिया। अमर ने भी उससे संपर्क खत्म कर दिया। पिछले दिनों घर से जेवरात गायब देख पीड़िता के घर हंगामा मच गया। तब उसने पूरी बात परिजनों को बताई और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी।

## युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थान ने किया पुलिसकर्मियों को सम्मानित: जीआरपी अधीक्षक बिट्टू शर्मा सहित पुलिस कर्मचारियों को दिए स्मृति चिन्ह

न्यूज क्राइम फाइल


उत्कृष्ठ सेवा के लिए युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थान ने जीआरपी डीएसपी बिट्टू शर्मा सहित पुलिस कर्मियों नरेंद्र रावत, बृजेश शर्मा, सत्येंद्र सिंह, मनीषा मिश्रा, लक्ष्मीकांत द्विवेदी और पोहप गिरी को प्रशंसा पुरस्कार (स्मृति चिन्ह) भेंटकर सम्मानित किया। संस्थान के अध्यक्ष रिंकू ओझा ने बताया कि पुलिसकर्मियों का संपूर्ण जीवन समाज की रक्षा-सुरक्षा करने में ही बीत जाता है, ऐसे में उनका मनोबल बढ़ाना हम सब का दायित्व ही नहीं, कर्तव्य है कि हम उनके कार्य की सराहना के साथ उनका सम्मान करें। उन्होंने कहा कि इनकी कर्तव्य परायणता के कारण ही समाज चैन की नींद सो पाता है। इस अवसर पर संस्थान के सदस्य संजय ठाकुर, पवन तिवारी, पूजा प्रजापति, नवीन आदित्य, हिमांगी अरोड़ा, पूजा, आरती कुशवाहा, मनोज लेलाड़िया उपस्थित थे।



## फांसी लगाकर युवक ने किया सुसाइड: सुबह मामा ने फंदे पर लटका देखा शव, अस्पताल ने किया मृत घोषित

न्यूज क्राइम फाइल

गौतम नगर थाना इलाके में रहने वाले युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शनिवार को मृतक के मामा ने उसके शव को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद शोर मचाकर परिजनों को जगाया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के मुताबिक गोपी पंथी (27) पुत्र चुन्नीलाल पंथी जेपी नगर में रहता था। वह पिता के साथ वैल्डिंग का काम करता था। हर रोज की तरह शुक्रवार की रात को घर में खाना खाने के बाद युवक अपने कमरे में सोने



गया था। शनिवार की सुबह उसकी बॉडी पंखे पर बने रस्सी के फंदे पर लटकी मिली। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। गोपी के मामा गणेश इंदौर में रहते हैं। इन दिनों मेहमानी में बहन के घर जेपी नगर आए हुए हैं। शनिवार की अल सुबह उठे थे। तब उन्होंने देखा कि भांजे के कमरे का गेट खुला है। भांजा फांसी के फंदे पर लटका है। उन्होंने परिजनों को शोर मचाकर उठाया, इसके बाद बॉडी को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद गोपी को मृत घोषित कर दिया। युवक अपने चार भाईयों में सबसे छोटा था। परिवार वाले उसके विवाह के लिए लड़की तलाश रहे थे।

# भारत एवं कनाडा के रिश्ते खतरनाक मोड़ पर...

कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।



जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं। खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तो इन सब भारत-विरोधी घटनाओं को रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश की। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार आपत्तिजनक बना, दो देशों के बीच खटास घोलने वाला एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का रहा। जिसे दोनों देशों के राजनयिक पैमाने पर उचित नहीं कहा जा सकता। इस तरह कनाडा अपने देश की राजनीतिक जरूरतों के चलते भारत के साथ अपने रिश्ते इस मोड़ पर ले आया हैं, जहां उनके बीच विश्वास, भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं। सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ भारत एवं कनाडा के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। कनाडा की धरती पर हर किस्म के खालिस्तानी चरमपंथी ही नहीं पल रहे हैं बल्कि वहां भारत से भागे गैंगस्टर और नशे के तस्कर भी शरण पा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में भारत ने कनाडा को जो खरी-खोटी सुनाई, वह इसलिए आवश्यक थी, क्योंकि वहां की ट्रूडो सरकार अपने भारत विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। वह जिस तरह खालिस्तानी अतिवादियों को संरक्षण दे रही है, उसकी मिसाल यदि कहीं और मिलती है तो वह पाकिस्तान में। कनाडा अपने भारत विरोधी रवैये के कारण पाकिस्तान सरीखा बनता जा रहा है। कनाडा अपने हितैषी एवं पडोसी देशों से दूरियां बना रहा है। खालिस्तान समर्थन एवं प्रोत्साहन के चलते कनाडा में फिलहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। अपने देश के साथ दुनियाभर में वह आलोचकों के निशाने पर हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर नियंत्रण रखने में कथित नाकामी के चलते ट्रुडो को अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते जी-20 बैठक में उन्हें भारत और सदस्य देशों का 'ठंडा' रिस्पांस मिला। भारत में खास अहमियत नहीं मिलने से खिसियाए ट्रुडो को कनाडा के मीडिया ने भी आड़े हाथ लिया है। ट्रुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए ट्रुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि भारत अब दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। कनाडाई में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात और व्यापार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का असर यहां की इकोनॉमी पर पड़ रहा है। भारत की नाराजगी बेवजह नहीं है, क्योंकि कनाडा भारत के विरोध में लगातार सक्रिय हैं, कनाडा ने ही किसानों के आंदोलन के समर्थन में अतिश्योक्तिपूर्ण सहयोग होने दिया।

---

संपादकीय

## जब चंद्रशेखर के खिलाफ नारा लगा था, भिंडरवाला वापस जाओ

इंदिरा गांधी की हत्या के बाद की शोक अवधि बीतते ही चुनाव आयोग ने सातवीं लोकसभा के चुनावों का ऐलान कर दिया था...चुनाव घोषणा की वह तारीख थी, तेरह नवंबर 1984...इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई देशव्यापी सिख विरोधी हिंसा की आंच भले ही ठंडी पड़ चुकी थी, लेकिन उसकी तपिश महसूस की जा रही थी। लोगों के दिल में इंदिरा की हत्या से उपजा क्षोभ अभी ताजा था..इसी बीच चुनाव आ गए... उन दिनों विपक्ष का सबसे बड़ा दल था, जनता पार्टी। जनता पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर तीसरी बार अपनी पारंपरिक उत्तर प्रदेश की बलिया सीट से मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके थे। उन दिनों लोकसभा की बलिया नाम से दो सीटें थी, पहली उत्तर प्रदेश की बलिया, जो अब भी है, और दूसरी बिहार की बलिया, जो परिसीमन के बाद खत्म हो चुकी है। नवंबर 1984 के आखिरी हफ्ते की कोई तारीख थी। चंद्रशेखर नामांकन दाखिल करने के लिए बलिया आ रहे थे। तब इलाहाबाद से बरौनी तक मीटर गेज की रेल चलती थी। इसी रेल रूट पर बलिया भी पड़ता है। तब बलिया से वाराणसी के बीच छुकछुकिया यानी भाप इंजन वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस चलती थी। जो वाराणसी से चलकर करीब बारह बजे बलिया पहुंचती थी। चंद्रशेखर उसी इंटरसिटी एक्सप्रेस बलिया आ रहे थे। इसकी जानकारी उनके समाजवादी कार्यकर्ताओं के तमाम लोगों की थी। उन दिनों चंद्रशेखर को बलिया के लोग दो नामों से ज्यादा पुकारते थे, अध्यक्ष जी और दाढ़ी। चंद्रशेखर इंटरसिटी से जैसे ही बलिया के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर उतरे, उनके कार्यकर्ता फूलमालाओं के साथ उनके स्वागत में बढ़े तो कुछ दूर स्थित युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने जोर-जोर से नारा लगाना शुरू कर दिया, भिंडरवाला वापस जाओ, भिंडरवाला वापस जाओ.. जून 1984 में सिखों के तीर्थ स्थल अमृतसर के स्वर्णमंदिर में सैनिक कार्रवाई हुई थी..उस कार्रवाई में पंजाब को दहशत का केंद्र बनाने वाला जनरैल सिंह भिंडरवाला मारा जा चुका था। इसी कार्रवाई से सिख समुदाय गुस्से में था, जिसकी दुखद परिणति 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या के रूप में सामने आई। चंद्रशेखर ने स्वर्णमंदिर में सैनिक कार्रवाई का जोरदार शब्दों में विरोध किया था..इंदिरा की हत्या के बाद उनका यह विरोध चर्चा में आ गया था.. तत्कालीन सहानुभूति लहर के चलते इस बयान की वजह से चंद्रशेखर भी लोगों के निशाने पर थे... बलिया प्लेटफॉर्म पर उनके खिलाफ लगा नारा उसी क्षोभ की अभिव्यक्ति कहा जा सकता है..चंद्रशेखर नारा लगा रहे युवाओं की तरफ कुछ कदम बढ़ाए भी..कुछ देर के लिए नारा थम गया।

# रेपीडो चालक ने जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड किया

## बहन को कॉल कर कहा- मैं खराब इंसान, हमेशा के लिए जा रहा हूं



न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल के जहांगीराबाद में स्थित फ्लैट में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। युवक ने आखिरी बार बहन को कॉल किया था। उसे बताया कि मैं खराब इंसान हूं...जीना नहीं चाहता, हमेशा के लिए जा रहा हूं। मैने जहर खा लिया है। वहीं पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के मुताबिक अभिषेक गोस्वामी (23) पुत्र सुरेश गोस्वामी बीना का रहने वाला था। काम की तलाश में एक महीने पहले ही भोपाल आया था। यहां अशोका गार्डन में दोस्त अविनाश के साथ किराए के फ्लैट में रहता था। यह रेपिडो चालक के रूप में काम करता था। शुक्रवार की शाम को सात बजे करीब उसने भोपाल में रहने वाली बहन को कॉल किया था। उन्हें कॉल पर जहर खा लेने की जानकारी दी। बहन ने तत्काल उसके दोस्त शिवकांत और अविनाश को इस बात की जानकारी दी। शिवकांत ने बताया कि अभिषेक दोपहर में मेरे कमरे में आया था। वहां अकेला है, उसने घर लौटकर चेक किया तो अभिषेक बेसुध हालत में बिस्तर पर मिला। उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



## जनता-जनार्दन का अभूतपूर्व समर्थन भाजपा की जीत की गारंटी है: देवड़ा

भारतीय जनता पार्टी के प्रति देश की जनता-जनार्दन का अभूतपूर्व समर्थन भाजपा की जीत की गारंटी है। नतीजे घोषित हो चुके हैं; 4 जून को 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार लोकसभा क्षेत्र विदिशा से भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी के समर्थन में विदिशा भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित होकर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और सबके साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# झेलम एक्सप्रेस में बम की खबर से हड़कंप

न्यूज क्राइम फाइल

पुणे से जम्मू तवी जाने वाली 11077 झेलम एक्सप्रेस में बम सूचना के बाद हड़कंप मच गया। जिस वक्त ट्रेन में बम होने की सूचना मिली ट्रेन भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन आरकेएमपी के नजदीक थी। जीआरपी ने ट्रेन के एस-9 कोच में बम होने की बात कहने वाले यात्री को हिरासत में ले लिया है। आरोपी पुणे का रहने वाला विश्वास राव मोरे हैं। आरकेएमपी थाना के एसएचओ सुनील अरजरिया ने बताया कि बम की सूचना देने वाला यात्री पुणे का विश्वास राव मोरे हैं। वो भी एस-9 कोच में सफर कर रहा था। उसके पास से आधारकार्ड और पासपोर्ट जब्त किए हैं। उसी ने टीसी को एस-9 कोच में बम होने की सूचना दी थी। इसके बाद टीसी ने ये जानकारी हमको दी। आरोपी यात्री के पास से पुणे से झांसी तक का टिकट मिला है। झांसी से कानपुर पहुंचने के बाद वो किसी मंदिर में जाने की बात कह रहा है। उसने बताया है कि वो मन्नत मांगने के लिए मंदिर जा रहा था। उसकी पत्नी 6 साल पहले छोड़ चुकी है। पुणे पुलिस को इस मामले की जानकारी दे दी गई है। झेलम एक्सप्रेस प्रतिदिन सुबह 8.31 बजे आरकेएमपी स्टेशन पर पहुंचती है। दो मिनट के ठहराव के बाद 8.33 पर रवाना होती है। शुक्रवार सुबह ट्रेन करीब 15 मिनट की देरी से चल रही थी। रानी कमलापति स्टेशन के नजदीक ही एस-9 कोच में एक यात्री ने



बम होने की बात टीसी से कही। इसके बाद कोच में हड़कंप मच गया और यात्री सकते में आ गए।

### आरपीएफ ने प्लेटफॉर्म पर घेरी ट्रेन

ट्रेन में बम होने की सूचना टीसी ने जीआरपी को दी। कुछ यात्रियों ने बम होने की बात कहने वाले यात्री को पकड़ लिया। जैसे ही 8.48 पर ट्रेन आरकेएमपी के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर पहुंची तो जीआरपी और आरपीएफ के दस्ते ने एस-9 कोच को घेर लिया, जिसमें बम होने की खबर मिली थी। स्लीपर कोच सहित पूरी ट्रेन को आरपीएफ व जीआरपी ने सर्च किया। मौके पर डॉग स्क्वॉड को भी बुला लिया गया।


## पत्रकार बनने का सुनहरा अवसर

अगर आपके अंदर लिखने का कौशल है और पत्रकारिता में रुचि है, तो 'न्यूज क्राइम फाइल' को आपकी तलाश है। 'न्यूज क्राइम फाइल' से जुड़ कर आप हर माह दस हजार रुपये तक कमा सकते हैं। 'न्यूज क्राइम फाइल' भोपाल, ग्वालियर, सतना, सागर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और नीमच में ब्यूरो ऑफिस खोलने जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार तत्काल हमें अपना बॉयोडाटा मेल करें या व्हाट्सअप करें।


उदय प्रताप सिंह चौहान (संपादक) 07223003441

संजीव कुमार (ब्यूरो प्रभारी भोपाल) 08224965455

email: newscrimefile@yahoo.com

### मैरिज गार्डन के पूल में भाई-बहन डूबे, बच्चे की मौत बच्ची वेंटिलेटर पर...

# उज्जैन से बारात में भोपाल आए थे




न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल में कोहेफिजा इलाके के स्वागत मैरिज गार्डन में मौसेरे भाई-बहन स्वीमिंग पूल में डूब गए। 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। 7 साल की बच्ची वेंटिलेटर पर है। डॉक्टर्स का कहना है कि उसकी हालत काफी गंभीर है। घटना शुक्रवार रात 9 बजे की है। दोनों बच्चे उज्जैन से बारात में भोपाल आए थे। बारातियों का जनवासा एयरपोर्ट रोड स्थित स्वागत मैरिज गार्डन में रखा गया था। शादी कार्यक्रम गुलशन गार्डन में था। परिजन बारात के लिए तैयार हो रहे थे, तभी बच्चे स्वीमिंग पूल की ओर चले गए। एएसआई शोभाराम वर्मा ने बताया कि बारात चलने को तैयार हुई तो दोनों की तलाश हुई, तभी किसी ने बताया कि बच्चे स्वीमिंग पूल में हैं। परिजन दौड़कर पहुंचे तो दोनों पूल में डूबे मिले। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक कामिल की मौत हो चुकी थी। कामिल पिता मुस्तकीम दौसखाना (उज्जैन) का रहने वाला था। बेबी लीजा उसके मौसा शाजापुर निवासी मोहम्मद सादिक की बेटी है।



**मैरिज गार्डन में पूल की तरफ अंधेरा था**

बच्चे के नाना मोहम्मद फीरोज ने बताया कि कामिल उनकी भांजी का लड़का था। हादसे की वजह स्वागत मैरिज गार्डन वालों की लापरवाही है। स्वीमिंग पूल पूरा भरा हुआ था। इसे खाली कराया जाना चाहिए था। बाउंड्रीवॉल तक नहीं थी। पूल की तरफ अंधेरा था। वहां गार्ड तक का इंतजाम नहीं किया गया था। कामिल ने इसी साल नर्सरी के एग्जाम दिए थे। पिता ऑटो डील का काम करते हैं। हादसे के समय चेन्नई में थे। कामिल से एक छोटा भाई तहा है। हादसे के बाद से उसकी मां का बुरा हाल है। वह मां के साथ बारात में आया था।

**बिल्डिंग के नक्शे में स्वीमिंग पूल है या नहीं, जांच होगी**

कोहेफिजा थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले ने कहा कि नगर निगम की बिल्डिंग परमिशन के अनुसार, पूल की अलग से मंजूरी नहीं होती, बल्कि इसे बिल्डिंग परमिशन के नक्शे में दिखाया जाता है। जांच की जा रही है कि नक्शे में स्वीमिंग पूल दिखाया गया था या नहीं?

**हमारा पूल 3 फीट का, 4 फीट तक के लिए मंजूरी नहीं चाहिए होती**

मैरिज गार्डन संचालक रवि भुरानी ने कहा कि 4 फीट तक के लिए स्वीमिंग पूल के संचालन की मंजूरी नहीं चाहिए होती। हमारा पूल 3 फीट का ही है। आसपास रेलिंग हैं। शादी हमारे यहां नहीं थी। सिर्फ जनवासे के लिए 12 रूम दिए गए थे।

# भोपाल की महिला डॉक्टर से जयपुर में रेप...



न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल की महिला डॉक्टर से जयपुर में ज्यादती के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपी डॉक्टर दर्शन राठौर ने 24 दिसंबर 23 को पीड़िता को शादी करने के बहाने जयपुर बुलाया था। वहां आरोपी ने पीड़िता को मकान नंबर 63 गंगा वाल पार्क एसएमएस अस्पताल के पास स्थित घर में ठहराया। यहां उसने पीड़िता को भरोसा दिलाया कि जल्द हम शादी करने वाले हैं। लिहाजा संबंध बनाने का दबाव बनाया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता की मर्जी के खिलाफ पहली बार संबंध बनाए। बाद में 26 जनवरी 2024 से लेकर 29 मार्च 24 तक कई और बार जयपुर स्थित अपने घर में उसके साथ ज्यादती की। इतना ही नहीं विरोध करने पर एक बार आरोपी ने पीड़िता को तीन दिन तक बंधक बनाकर रखा। उसके साथ मारपीट भी की। अब आरोपी ने शादी से भी इनकार कर दिया है। तब फरियादी महिला ने थाना खजूरी भोपाल में शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जीरो पर कायमी कर केस डायरी को जयपुर पुलिस को सौंप दी। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के थाने मामला दर्ज किया है।

**दिल्ली एम्स में हुई थी मुलाकात**

खजूरी सड़क थाना पुलिस के मुताबिक 27 वर्ष की युवती क्षेत्र में स्थित एक मेडिकल कॉलेज में पीजी की पढ़ाई कर रही है। पीड़िता मूल रूप से छिंदवाड़ा की रहने वाली है। फिलहाल कॉलेज के हॉस्टल में ही रह रही है। वर्ष 2023 में दिल्ली एम्स में अयोजित कार्यक्रम में उसकी मुलाकात जयपुर के डॉक्टर दर्शन राठौर से हुई थी। दोनों में वहीं दोस्ती और फिर फोन पर बातचीत होने लगी थी।

**फोटो कैप्शन**



## सीएम के सारथी बने पूर्व गृहमंत्री

ग्वालियर आए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गोल्फ कार्ट (इलेक्ट्रिक कार) में घुमाया। उन्होंने कार्ट खुद ड्राइव की, बगल वाली सीट पर सीएम को बैठाया। मुख्यमंत्री शनिवार सुबह पार्टी मीटिंग के सिलसिले में इम्पीरियल गोल्फ रिसॉर्ट पहुंचे। वे आज ग्वालियर – चंबल प्रवास पर हैं। रिसॉर्ट के मालिक गृहमंत्री के बेटे का है। बता दें, ग्वालियर लोकसभा सीट के लिए 7 मई को मतदान होना है। प्रचार कर शाम थम जाएगा। पूर्व गृहमंत्री ने सीएम को कार्ट में पूरा रिसॉर्ट विजिट कराया। इस दौरान दोनों में आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री यहां प्रबुद्ध जनों की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे।

## सोशल मीडिया पर लोगों ने दावा किया, रेफरी ने कैमरामैन को नहीं देखने दिया सिक्का

# बीच मैच में टॉस को लेकर उठे सवाल...




न्यूज क्राइम फाइल

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस टीम एक बार फिर टॉस को लेकर कंट्रोवर्सी में है। कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को टॉस के दौरान कैमरे पर सिक्के को नहीं दिखाने पर लोगों ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाए हैं। वानखेड़े में कोलकाता के खिलाफ मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने सिक्के को उछाला, जिसके बाद श्रेयस अय्यर ने हेड्स बोला, लेकिन मैच रेफरी ने कहा कि टेल आया है। यानी हार्दिक ने टॉस जीता है। हालांकि कैमरे के सिक्के तक पहुंचने से पहले ही रेफरी ने सिक्का उठाकर फैसला सुना दिया था। ड्डक्क्र ने टॉस का एक वीडियो ट्वीट किया है, जिसपर लोगों ने सवाल उठाए हैं।

**बेंगलुरु के खिलाफ मैच के भी दौरान सवाल उठे थे**

इससे पहले, मुंबई और बेंगलुरु के बीच मैच में टॉस को लेकर सवाल उठे थे। उस मैच में मुंबई के कप्तान पंड्या ने सिक्का काफी दूर उछाल दिया था। जिसे मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने सिर्फ देखा था और बताया था कि टॉस मुंबई ने जीता है। बाद में हैदराबाद के खिलाफ मैच में टॉस के दौरान बेंगलुरु के कैप्टन फाफ डु प्लेसिस स्क्र॥ के कप्तान पैट कमिंस को पूरी बात बताते दिखे थे।

**कोलकाता ने मुंबई को हराया**

वानखेड़े में शुक्रवार को टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24 रन से हराया। कोलकाता ने वानखेड़े मैदान पर मुंबई को 12 साल बाद हराया। कोलकाता को इस मैदान पर मुंबई के खिलाफ आखिरी जीत 2012 में मिली थी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 2024 की प्लेऑफ रेस से बाहर हो गई है। मुंबई ने होमग्राउंड में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता 19.5 ओवर में 169 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में मुंबई 18.5 ओवर में 145 रन पर ऑलआउट हो गई। मिचेल स्टार्क ने 4 विकेट झटके, जबकि वेंकटेश अय्यर ने 52 बॉल पर 70 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## बेंगलुरु की लगातार तीसरी जीत

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2024 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 52वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 4 विकेट से हराया। इस जीत से बेंगलुरु ने प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार



को बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात 19.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। बेंगलुरु ने 13.4 ओवर में 6 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। स्वप्निल सिंह ने राशिद खान के खिलाफ विनिंग सिक्स लगाया। मोहम्मद सिराज प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 29 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

**फाफ की फिफ्टी; सिराज, वैशाख और दयाल 2-2 विकेट**

तञ्ज से राहुल तेवतिया 35, डेविड मिलर 30 और शाहरुख खान 37 रन बनाकर आउट हुए। राशिद खान ने 18 रन बनाए। बेंगलुरु से मोहम्मद सिराज, विजयकुमार वैशाख और यश दयाल ने 2-2 विकेट लिए। आरसीबी से कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 23 बॉल पर 64 रन की पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने 27 बॉल पर 42 रन बनाए। दोनों ने 92 रनों की ओपनिंग साझेदारी की।

## एक हजार किलो प्याज 45,800 से कम में नहीं बेच सकेंगे, 40% एक्सपोर्ट ड्यूटी भी लगेगी

# सरकार ने प्याज निर्यात से बैन हटाया

न्यूज क्राइम फाइल

सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट से शनिवार को बैन हटा दिया। हालांकि इसके लिए मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस 550 डॉलर यानी करीब 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन तय कर दी। यानी जो प्याज एक्सपोर्ट किया जाएगा, उसकी कीमत मिनिमम 45,800 रुपए प्रति मीट्रिक टन होना जरूरी है। यह आदेश आज से ही लागू हो गया है और अगले आदेश तक मान्य रहेगा। इसके अलावा सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40त्न निर्यात शुल्क लगाने का भी फैसला लिया है। पिछले साल दिसंबर में जब प्याज की कीमत 70 से 80 रुपए पहुंच गई थी तब सरकार ने प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था।

**महाराष्ट्र में होता है सबसे ज्यादा प्याज का उत्पादन**

सरकार के इस फैसले को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। आगामी फेज में सबसे ज्यादा प्याज उत्पादन वाले राज्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक में चुनाव होने हैं। महाराष्ट्र के नासिक, कोल्हापुर, अहमदनगर, धुले, पुणे, मराठवाड़ा, शिरूर, शिरडी, छत्रपति संभाजीनगर, बीड और डिंडोरी लोकसभा सीटें शामिल हैं। यहां पर प्याज उत्पादकों का एक बड़ा वर्ग है। प्याज के निर्यात पर बैन से किसान काफी नाराज थे। लंबे समय से केंद्र सरकार से इसे हटाने की मांग कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री डॉ. भारती पवार, सांसद डॉ. सुजय विखे पाटिल और हेमंत गोडसे सहित कई बड़े नेता प्याज उत्पादक बेल्ट से चुनाव मैदान में हैं। निर्यात पर प्रतिबंध ने इन्हें बैकफुट पर भेज दिया था। शेतकारी संगठन के नेता अनिल घनवत ने दावा किया कि प्रतिबंध वापस लेने से प्याज उत्पादकों को शायद ही



कोई फायदा होगा।

**बैन के बीच दूसरे देशों के अनुरोध पर निर्यात की अनुमति थी**

पिछले साल दिसंबर में सरकार ने 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर रोक लगाई थी। हालांकि सरकार प्रतिबंध के बीच भी कुछ मित्र देशों को प्याज निर्यात कर रही थी। पिछले महीने सरकार ने छह पड़ोसी देशों- बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी थी। इन्हें सफेद प्याज भेजी गई थी।

**नवरात्रि के बाद तेजी से बढ़े थे प्याज के दाम**

अक्टूबर में नवरात्रि के बाद देशभर में प्याज की कीमतें तेजी से बढ़ने लगीं और केवल एक हफ्ते में दोगुने से ज्यादा हो गई थीं। इसके बाद सरकार ने कंज्यूमर्स के ऊपर बोझ कम करने के लिए 27 अक्टूबर से नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन और नेफेड जैसे सरकारी बिक्री केंद्रों के जरिए 25 रुपए किलो के रेट से प्याज की बिक्री शुरू की थी।

## पिता-भाई के साथ मिलकर चलाया करता था सट्टे का साम्राज्य

# सट्टा किंग खत्री ने की आत्महत्या

न्यूज क्राइम फाइल



जबलपुर में 35 वर्षीय सट्टा किंग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, घटना शनिवार रात 10 की बताई जा रही है, जब मृतक घर पर अकेला था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक का नाम विवेक खत्री था, जो कि रेस्टोरेंट संचालक था, इसके अलावा मृतक का सट्टे का बड़ा काम था। ओमती थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया है। रविवार को विवेक खत्री का पीएम होगा। मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि विवेक ने फांसी लगाकर आत्महत्या क्यों की इसकी जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक ओमती थाना के बराट रोड में रहने वाले विवेक खत्री ने घर पर ही रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय विवेक घर पर अकेला था। कुछ देर बाद परिजन जब घर पहुंचे तो देखा कि विवेक फांसी पर लटका हुआ था। परिवार वालों ने तुरंत ही उसे फांसी से उतारा और इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डाक्टर ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि विवेक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है, इसकी जांच की जा रही है। जिस कमरे में विवेक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है, वहां से अभी तक कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने विवेक का मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या करने की वजह की जानकारी मृतक के मोबाइल से मिल सकती है। जांच की जा रही है। मृतक के चाचा ने बताया कि विवेक बराट रोड स्थित फ्लैट पर रहा करते थे। शनिवार की रात को विवेक की पत्नी अपने मायके सदर गई थी। रात को जब लौटकर वापस आई तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो विवेक फांसी पर लटका हुआ था। मृतक की पत्नी ने तुरंत ही परिजनों की सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने विवेक को फांसी से उतारा और इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा द्वारका चावला ने बताया कि विवेक ने आत्महत्या क्यों की, इसकी वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। विवेक का रसल चौक के पास एक रेस्टोरेंट भी है, इसके अलावा वह सट्टा का बड़ा कारोबारी है। जबलपुर में विवेक को सट्टा किंग के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मेडिकल कालेज भेज आत्महत्या की वजह जानने में जुट गई है। मृतक विवेक खत्री का पूरा परिवार सट्टा के गेम में लिप्त है। विवेक खत्री और उसके पिता, भाई पर आरोप लगे थे कि उन्होंने रसल चौक स्थित एक रेस्टोरेंट संचालक के पुत्र को सट्टा खेलने के लिए भारी रकम दी और फिर बाद में चुकता के लिए लिए उसे धमकाया गया, और जबरन रेस्टोरेंट की रजिस्ट्री करा ली गई। करीब दो साल पहले ओमती थाना पुलिस ने इस मामले में विवेक के पिता मुरलीधर खत्री को गिरफ्तार किया था। थाना ओमती ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक विवेक के पिता मुरली दुबई से सट्टा संचालित करने वाले सतीश सनपाल का करीबी है। सनपाल के पार्टनर दिलीप खत्री, संजय खत्री, विवेक खत्री के पिता मुरली खत्री को सट्टा किंग कहा जाता है। अपने पिता के नक्शेकदम पर विवेक खत्री भी चल रहा था।

## बीजेपी विधायक की बेटी रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ाई

# नगर परिषद की अध्यक्ष हैं सारिका खटीक; बिल भुगतान के लिए मांगे 40 हजार रुपए

न्यूज क्राइम फाइल




पन्ना के अमानगंज नगर परिषद की अध्यक्ष सारिका खटीक रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ी गई है। उन्होंने फरियादी से बिल के भुगतान के नाम पर 40 हजार रुपए मांगे थे। फरियादी ने सागर लोकायुक्त में इसकी शिकायत की थी। जिस पर टीम ने गुरुवार को ये कार्रवाई की। बता दें कि सारिका खटीक दमोह जिले के हटा से भाजपा विधायक उमा खटीक की बेटी हैं। दरअसल, अमानगंज के रहने वाले राघवेंद्र राज मोदी (35) की लिफ्टर मशीन नगर परिषद अमानगंज में किराए पर लगी थी। इसके लिए 34 हजार किराया तय किया गया था। 4 महीने से बिल का पेमेंट नगर परिषद ने नहीं किया था। कुल 1 लाख 33 हजार 332 रुपए का बिल बकाया था। राघवेन्द्र राज का आरोप है कि बकाए पेमेंट के लिए जब सारिका खटीक से कहा तो उन्होंने 40 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। उसने 10 हजार रुपए की पहली किस्त पहले ही दे दी थी। गुरुवार को वह 30 हजार रुपए लेकर पहुंचा था।

**पीड़ित बोला- हर महीने बढ़ती जा रही थी डिमांड**

फरियादी राघवेंद्र राज उर्फ गुड्डू मोदी ने बताया कि मेरा वाहन नगर परिषद में 33,333 रुपए प्रति माह के अनुबंध पर लगाया गया था। लेकिन जब से सारिका खटीक नगर परिषद की अध्यक्ष बनी। तब से उन्होंने परेशान करना शुरू कर दिया। कभी 5000 तो कभी 7000 रुपए मंथली देने की बात कही। जब ज्यादा परेशान किया जाने लगा तो मैंने सागर लोकायुक्त में शिकायत कर दी।

**नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा- मेरे खिलाफ साजिश**

लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक ने कहा कि अभी कोई सबूत सामने नहीं आया है। मेरे खिलाफ साजिश के तहत लोकायुक्त में शिकायत की गई। लोकायुक्त की टीम ने जांच की। मुझे 15 दिन पहले धमकी दी गई थी जिसे मैंने अनसुना कर दिया था। गुड्डू मोदी और डॉक्टर सौरभ मेरे पास आए थे। उन्होंने मुझे 30 हजार रुपए रखने के लिए दिए थे। डॉ. सौरभ ने कहा कि भाभी यह पैसे रख लो। सारिका खटीक ने कहा कि जिस लिफ्टर मशीन की बात सामने आ रही है। वह मशीन नगर परिषद की है। इनका ट्रैक्टर लगाया गया था। जिसके लिए हर महीने 33 हजार पेमेंट किया जाता था। विरोध होने पर परिषद में प्रस्ताव पास हुआ कि इस वाहन को बाहर किया जाए। इसलिए ये साजिश रची गई।

## कांतिलाल भूरिया की आमदनी सबसे ज्यादा; 74 में से 12 प्रत्याशियों पर आपराधिक केस


# चौथे चरण में धार के सुनील अजरावत सबसे गरीब

न्यूज क्राइम फाइल

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के 74 में से 12 प्रत्याशियों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें बीजेपी के 3, कांग्रेस के 6, आम जनता पार्टी के एक और दो निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। यह कुल प्रत्याशी संख्या का 16 प्रतिशत है। इसमें से बीजेपी के एक, कांग्रेस के तीन, आम जनता पार्टी के एक और एक निर्दलीय समेत कुल 6 कैंडिडेट पर गंभीर आपराधिक केस हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने चौथे चरण के लिए देश भर के 1710 प्रत्याशियों की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि रतलाम से कांग्रेस उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया की आमदनी चौथे चरण के उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा है। जबकि धार से चुनाव लड़ रहे सुनील अजरावत सबसे गरीब प्रत्याशी हैं।

**100 गरीब प्रत्याशियों में एमपी से कोई नहीं**

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार सबसे गरीब 100 प्रत्याशियों में एमपी से कोई नहीं है। 74 में से 22 प्रत्याशियों के पास एक करोड़ से अधिक की संपत्ति है। जिनमें कांग्रेस के 7, बीजेपी के 7, बीएसपी के 2, आम जनता पार्टी, भारतीय सामाजिक पार्टी, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के 1-1 और 3 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। इन सबकी औसत संपत्ति 1.97 करोड़ है। बीजेपी के प्रत्याशियों की



महेश परमार



कांतिलाल भूरिया

औसत संपत्ति 7 करोड़ और कांग्रेस कैंडिडेट्स की औसत संपत्ति 79 लाख रुपए से अधिक है।

**इनके पास सबसे अधिक और सबसे कम संपत्ति**

चौथे चरण में सबसे अधिक संपत्ति वाले कैंडिडेट्स में देवास से कांग्रेस उम्मीदवार राजेंद्र राधाकिशन मालवीय हैं जिनके पास 22.13 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। दूसरे नंबर पर बीजेपी के मंदसौर से प्रत्याशी सुधीर गुप्ता हैं। जिनके पास 19.28 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी है। तीसरा स्थान मंदसौर के ही निर्दलीय प्रत्याशी विजय रण का है जिनके पास 10.74 करोड़ की चल-अचल संपत्ति है। शपथ पत्र में सबसे कम संपत्ति घोषित करने वाले प्रत्याशियों में धार लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी सुनील अजरावत का नाम है जिनके पास सिर्फ 30 हजार रुपए हैं। दूसरा स्थान इंदौर लोकसभा के सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर से प्रत्याशी अजीत सिंह का है, जिनके पास 38020 रुपए हैं। तीसरा स्थान खरगोन के निर्दलीय प्रत्याशी नर सिंह सोलंकी का है, जिनके पास 38500 रुपए हैं।

**सुधीर गुप्ता पर है सबसे अधिक देनदारी**

सबसे अधिक देनदारी बताने वाले प्रत्याशियों में मंदसौर के बीजेपी प्रत्याशी सुधीर गुप्ता का नाम है। इन पर 5.84 करोड़ की देनदारी है। वहीं, उज्जैन के अनिल फिरोजिया की 8.81 करोड़ की संपत्ति है। जबकि 3.03 करोड़ की देनदारी है। जिसमें से 31.48 लाख रुपए की देनदारी पर विवाद की स्थिति है। तीसरा स्थान मंदसौर के कांग्रेस उम्मीदवार दिलीप सिंह गुर्जर का है जिन पर 4.87 करोड़ की संपत्ति के मुकाबले 1.91 करोड़ की देनदारी है।

**कांतिलाल भूरिया की वार्षिक आमदनी सबसे ज्यादा**

शपथ पत्र में प्रत्याशियों ने वार्षिक आय की जानकारी भी दी गई है। इसमें रतलाम झाबुआ से कांग्रेस उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया ने 8.78 करोड़ की संपत्ति के मुकाबले परिवार की कुल आय 96.93 लाख रुपए बताई है, और अपनी खुद की आमदनी 7.25 लाख रुपए बताई है। इसी तरह मंदसौर के सुधीर गुप्ता ने परिवार की वार्षिक आय 60.04 लाख और खुद की आमदनी 15.79 लाख रुपए बताई है। वहीं खरगोन से बीजेपी प्रत्याशी गजेंद्र सिंह पटेल की कुल संपत्ति 9.98 करोड़ रुपए में से परिवार की वार्षिक आय 53.99 लाख और खुद पटेल की 42.83 लाख रुपए है।

# खंडवा में चोर गैंग धराई, 17 बाइक जब्त

न्यूज क्राइम फाइल

खंडवा पुलिस ने बाइक चोरी करने वाली गैंग पकड़ी है। गैंग के कब्जे से 17 बाइक जब्त की गई है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान की गई। जिसके बाद 3 आरोपियों को दबोचा गया। खास बात ये है कि तीन लोग सिर्फ चोरी की बाइकें खरीदने का काम करते थे। मामले का खुलासा शनिवार दोपहर कंट्रोल रूम में एसपी मनोज कुमार राय ने किया। एसपी राय ने बताया जिले में पिछले दो माह से लगातार बाइक चोरी की घटनाएं हो रही थी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना कोतवाली और पदमनगर टीआई की संयुक्त टीम गठित की गई। उन्होंने बाइक चोरी के घटनास्थलों को चिन्हित किया। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें



एक व्यक्ति बार-बार चोरी करते दिखाई दे रहा था। सूचना मिली कि एक व्यक्ति नई सब्जी मंडी के पास खड़ा है। टीम बताए स्थान पर पहुंची और बदमाश को घेराबंदी कर पकड़ा। बदमाश ने अपना नाम मनोहर पिता हौसीलाल निवासी पंधाना बताया। खंडवा आने का कारण पूछने संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उसे पूछताछ के लिए कोतवाली लाया गया। आपराधिक रिकार्ड देखने पर ज्ञात हुआ कि वह थाने का निगरानी बदमाश होकर पूर्व में भी बाइक चोरी की कई घटनाओं में संलिप्त रहा है।

**आरोपियों ने कचरे के ढेर में छुपा रखी थी बाइकें**

पूछताछ में मनोहर ने माता चौक क्षेत्र से करीब दो माह पहले एक बाइक चोरी करना व उसे बांगरदा के वीरेंद्र को बेचना बताया। इसी तरह चार से पांच महीने पहले इंदिरा चौक, एसएन कॉलेज के पास से एक बाइक चुराना बताया। खंडवा शहर, मूंदी, मोरटक्का, देशगांव, सनावद, भीकनगांव, बुरहानपुर एवं खरगोन से कुल 17 बाइक अलग-अलग कंपनी की चुराकर ले जाना बताया। जिनमें से सात बाइक ग्राम सरल्या खंडवा के चुन्नीलाल को, तीन बाइक ग्राम बरखेड़ी के दिनेश राजपूत को, एक बाइक ग्राम बांगरदा थाना मूंदी के वीरेंद्र को बेचना बताया। 10 बाइक अपने खेत के कचरे में छुपाकर रखी हुई होना बताया। सभी आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुल 17 बाइकें कीमती 11 लाख रुपए की जब्त की।

# लुटेरों ने की गर्भवती महिला की हत्या

## वारदात में पति भी हुआ घायल,मौके पर पहुंचे एसपी; बोले-जल्द गिरफ्तार होगें आरोपी

न्यूज क्राइम फाइल

बोलेरो कार में सवार होकर दमोह नाका से मदर टेरेसा तरफ जा रहे एक दंपत्ति को अज्ञात बदमाशों ने रोका और फिर ताबड़तोड़ उन पर हमला करते हुए दोनों के मोबाइल, पर्स और जेवरात लूटकर फरार हो गए। वारदात के दौरान बदमाशों ने पति-पत्नी पर हमला भी कर दिया, जिससे कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति के सिर पर भी चोट आई है। बीच शहर में लूट के बाद हत्या की घटना को लेकर पूरे शहर में दहशत फैल गई। जानकारी मिलते ही एसपी आदित्य प्रताप सिंह सहित माढ़ोताल थाना पुलिस का अमला भी मौके पर पहुंच गया। घटना शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे की है। एसपी ने अज्ञात लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पूरे शहर में नाकाबंदी कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतिका रेशमा चौधरी जब अपने पति और बेटे के साथ बोलेरो कार में सवार होकर अपने मायके जा रही थी, उसी दौरान भोला नगर में उनके साथ यह घटना हुई है। जानकारी के मुताबिक महिला गर्भवती भी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज लुटेरों की तलाश शुरु कर दी है।

**पति के साथ मायके जा रही थी रेशमा**

28 वर्षीय रेशमा चौधरी मदर टेरेसा नगर की रहने वाली थी। शनिवार की रात को वह अपने पति शुभम चौधरी के साथ बोलेरो कार क्रंमाक एमपी-20 टीए 1712 में सवार होकर अपने मायके जा रही थी। जैसे ही उनकी कार भोला नगर के पास पहुंची, तभी चार से पांच बदमाशों ने उनकी गाड़ी के कांच पर पत्थर मारा और उसे रोक लिया। शुभम जब तक कुछ समझ पाता, तब तक बदमाशों ने कार के दरवाजे खोलकर उसके सिर पर बड़ा सा पत्थर दे मारा। घटना में शुभम के सिर पर गंभीर चोट आई है। बदमाशों ने रेशमा के साथ भी मारपीट की, उसका मंगलसूत्र, झुमके, नेकलेस खींचने लगे। रेशमा ने जब बदमाशों को रोका तो उन्होंने उसी के दुपट्टे से गला दबा दिया, जिसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घायलों के मोबाइल और कीमती जेवरात लूटकर फरार हो गए। शुभम गाड़ी के नीचे पड़ा काफी देर तक तड़पता रहा।

**पत्थर मारकर रोका-फिर की लूट**



जानकारी के मुताबिक शुभम गाड़ी चला रहा था, जबकि पत्नी रेशमा डेढ़ साल के बेटे को लेकर बगल में बैठी हुई थी। जैसे ही बोलेरो भोला नगर के पास पहुंची तो बदमाशों ने एक बड़ा पत्थर गाड़ी के शीशे में मार दिया, कांच टूटते ही शुभम ने गाड़ी रोकी तो दोनों तरफ से चार लोगों ने गाड़ी को घेर लिया। शुभम जैसे ही बाहर निकलने लगा तो लुटेरों ने उसके सिर पर पत्थर दे मारा। दो आरोपियों ने रेशमा का मंगलसूत्र और जेवरात छीनने लगे। महिला ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी। वारदातो को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे में फरार हो गए।

**राहगीरों ने देखा घायल शुभम को**

लूट और हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। शुभम काफी देर तक घायल हालत में वही पर पड़ा रहा। इस बीच कुछ लोग जब वहां से निकल रहे थे, तब उन्होंने शुभम को देखा। शुभम कार के बाहर पड़ा हुआ था, जबकि रेशमा कार की सीट पर मृत पड़ी थी, और उनका डेढ़ साल का बच्चा पास में ही बैठे-बैठे रो रहा था। घटना की जानकारी तुरंत ही माढ़ोताल थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार तुरंत ही स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल शुभम को इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया। वहीं मृतिका रेशमा के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। रेशमा का पीएम रविवार को होगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने तीन टीम गठित की है, जो कि तलाश में जुट गई है। शहर में नाकाबंदी भी की गई है।

**गर्भवती थी मृतिका रेशमा**

घायल शुभम ने बताया कि तीन साल पहले रेशमा से उसकी शादी हुई थी। बहुत दिनों से रेशमा अपने मायके आना चाहती थी, इसलिए शनिवार की शाम को करीब 8 बजे बोलेरो कार में पत्नी, डेढ़ साल के बेटे को लेकर निकला। शुभम ने बताया कि कंजरवारा से निकलने के बाद पहले पाठ बाबा मंदिर गए जहां पर कि पूजा की, इसके बाद रेशमा को छोड़ने के लिए उसके घर मदर टेरेसा जा रहे थे। जैसे ही गाड़ी भोला नगर के पास ब्रिज के नीचे पहुंची, तभी चार से पांच बदमाश आए और गाड़ी रोककर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। रेशमा ने अपना मंगलसूत्र और जेवरात बचाने की कोशिश की तो बदमाशों ने उस पर भी हमला कर दिया। वारदात में शुभम के सिर पर चोट आई है। मृतिका का एक डेढ़ साल का बेटा है। और वह गर्भवती भी थी।

**एसपी पहुंचे घटनास्थल**

बीच शहर में महिला और उसके पति के साथ लूट और फिर हत्या की जानकारी जैसे ही एसपी आदित्य प्रताप सिंह को लगी तो वह भी मौके पर पहुंच गए। एसपी का कहना है कि वारदात के दौरान शुभम के सिर पर भी चोट लगी है। घायल के बताए अनुसार अज्ञात आरोपियों ने दो मोबाइल, रुपए से भरा पर्स जिसमें करीब 5 से 10 हजार रुपए थे, इसके अलावा महिला का मंगलसूत्र, झुमकी लूटकर फरार हो गए है। शहर में नाकाबंदी कर दी गई है, बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।





## विदिशा के सिरोंज में कहा- ये गठबंधन परिवार की पार्टियों का जमावड़ा

# इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला: नड्डा

न्यूज क्राइम फाइल

सागर लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विदिशा जिले के सिरोंज में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। कहा कि वो दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर धार्मिक आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। जब तक मोदी जी है, जब तक बीजेपी है। हम इनका आरक्षण कम नहीं होने देंगे। जेपी नड्डा ने कहा इंडी अलायंस को भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला बताया। ये गठबंधन परिवार की पार्टियों का जमावड़ा है। इनका आपसे कोई लेना देना नहीं है। मोदी जी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, ये कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। जेपी नड्डा ने कहा मोदी जी के नेतृत्व में आज 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल गए हैं। मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत ब्रिटेन को पछाड़कर 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से दुनिया की 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। आने वाले समय में मोदी जी के तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा बीजेपी अध्यक्ष ने मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहले



बीमारू राज्य था। ये बीस साल पुरानी कहानी है। जब से भाजपा की सरकार बनी। मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से निकल कर सर्वांगीण विकास की दृष्टि से अग्रणी राज्यों में खड़ा हो गया है।

**नड्डा रात भोपाल रुके, भाजपा दफ्तर में ली बैठक**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रात भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित किया उन्होंने कहा कि पार्टी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जी जान से जुटे। मतदान करने के लिए मतदाता को प्रेरित करें। किसी भी काम को इस प्रकार न करें कि वह बोझ लगे। आनंद के साथ जीवन जिएं और पार्टी के लिए काम करें। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह समेत चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बीजेपी अध्यक्ष ने भोपाल के बीजेपी ऑफिस से ही गुजरात के मेहसाणा की जनसभा को वर्चुअल संबोधित किया।

**बीजेपी किसी भी वर्ग का आरक्षण कम नहीं होने देगी**

नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा- ये नया काम कर रहे हैं। वो महादलित, दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति पिछड़ा का आरक्षण छीनकर धार्मिक आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। बाबा भीमराव अंबेडकर ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। जब तक मोदी जी है, जब तक बीजेपी है मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आदिवासी, दलित और ओबीसी वर्ग का आरक्षण कम नहीं होने देंगे।

**इंडी गठबंधन घोटालेबाजों का जमावड़ा**

कांग्रेस ने कोयला घोटाला, टूजी घोटाला, पनडूब्बी घोटाला, कामन वेल्थ गेम घोटाला समेत कई घोटाले किए। कांग्रेस ने तीनों लोक में भ्रष्टाचार किया। मुलायम सिंह के बेटे, लालू, टीएमसी, डीएमके के नेताओं ने घोटाले किए। अरविंद केजरीवाल ने शराब के घोटाले किए। ये घोटालेबाजों का जमावड़ा है। इनके नेता आधे जेल में, आधे बेल पर हैं।

**भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा**

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा- आज भारत विश्व अर्थव्यवस्था में 5वें स्थान पर है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा... 10 साल पहले आपके पास जो मोबाइल फोन थे, वे चीन, कोरिया या ताइवान में बने थे। अब जो मोबाइल फोन आप उपयोग करते हैं वे भारत में बन रहे हैं।

**नड्डा बोले-इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला**

ये इंडी अलायंस है, ये घमंडिया गठबंधन, ये दो बातों का गठबंधन है। ये गठबंधन परिवार की पार्टियों का जमावड़ा है। इनका आपसे कोई लेना देना नहीं है। मोदी जी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, ये कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। ये भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला है।

# भाषण के दौरान भावुक हुईं प्रियंका गांधी: मुरैना में कहा-पिता के टुकड़े घर लाई; उन्हें विरासत में पैसा नहीं शहादत मिली

न्यूज क्राइम फाइल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी मुरैना में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि मैं जब 19 साल थी, तब अपने पिता के टुकड़ों को घर लाई थी। मोदी जी कहते हैं कि मेरे पिता ने उनकी मां से विरासत लेने के लिए कोई कानून बदल दिया था। मोदी जी इस बात को समझ नहीं पाएंगे कि मेरे पिता को विरासत में धन दौलत नहीं मिली। मेरे पिता को विरासत में शहादत मिली। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी को लेकर कहा कि वे जनता से कट गए हैं। किसी गरीब के घर, किसी गांव नहीं जाते। इसलिए उन्हें जनता के दुख दर्द का पता नहीं है। प्रियंका ने जनता से पूछा कि आपने कभी मोदी जी के मुंह से बेरोजगारी शब्द सुना है क्या? प्रियंका गांधी ने इलेक्टोरल बॉन्ड के बहाने बीजेपी पर निशाना साधा। साथ ही बेरोजगारी, महंगाई, नोटबंदी और जीएसटी जैसे मुद्दे उठाकर बीजेपी सरकार को जमकर घेरा।

**मैं पिता के टुकड़े घर लाई, मैं नाराज थी**

प्रियंका गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- मैं अपने शहीद पिता के टुकड़े घर लाई। तो मैं नाराज थी इस देश से। मैं समझी इस तरह की नाराजगी उसी से होती है जिससे प्रेम होता है। मोदी जी मेरे पिता को देशद्रोही बोलते हैं। वे कहते है मेरे पिता ने कोई कानून बदल दिया उनकी मां से विरासत लेने के लिए। मोदी जी इस बात को समझ नहीं पाएंगे कि मेरे पिता को विरासत में धन दौलत नहीं मिली। मेरे पिता को विरासत में शहादत मिली।

**इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर बीजेपी ने वसूली की**

प्रियंका गांधी ने कहा- जिन लोगों पर मोदी जी ने छापा डलवाया था। उनसे उनकी पार्टी चंदा लेती है। फिर छापे बंद। फिर जिन पर केस डाले थे। और जिन पर मुकदमे डाले थे, उनसे चंदा लेते हैं और मुकदमे ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। आप चंदा ले रहे थे कि वसूली कर रहे थे। जैसे रास्ते के गुंडे होते हैं, आपकी दुकान पर आकर बोलते हैं हफ्ता दो। यही तो कर रहे थे ये लोग। ऐसा करके इन्होंने अपनी पार्टी को सबसे अमीर बना लिया।



**मोदी जी जनता से पूरी तरह से कट गए हैं**

प्रियंका ने कहा- मोदी जी मंच पर आते हैं। बड़े-बड़े उद्घाटन करते हैं। टीवी पर दिखते हैं। भाषण देते हैं तो इतने साफ-सुथरे। धूल-मिट्टी का नाम निशान नहीं। वे कैसे जानेंगे कि किस धूल-मिट्टी में जी रहे हैं आप। कैसे जानेंगे कि आप गरीबी के दलदल में फंसे हैं। 10 सालों में उन्होंने देश को और गरीबी में धकेल दिया। वे नहीं जान पाएंगे। क्योंकि उनका आपके बीच आना बंद हो गया है। वे जनता से पूरी तरह से कट गए हैं। प्रियंका गांधी ने कहा- महात्मा गांधी ने जो आंदोलन किया ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ, वह हिंदू धर्म की सीख पर आधारित था। कांग्रेस पार्टी किस पर आधारित है। हिंदू धर्म जो सिखाता है उस पर आधारित है। महात्मा गांधी ने जो आंदोलन किया उसमें एक ही उनकी धारणा थी। सत्य के पथ पर चलना। इसी के आधार पर ये देश आजाद हुआ।

## मेरे पास ना साइकिल ना घर; 25 साल में एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा

# पीएम मोदी बोले- मैं मौज के लिए पैदा नहीं हुआ

**संदीप कुमार यादव**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार 4 मई को झारखंड के पलामू और गुमला में जनसभा की। पलामू में पीएम ने भीड़ को देखकर कहा कि आप लोगों ने जेएमएम कांग्रेस को दिन में तारे दिखा दिए। पीएम मोदी ने लोगों को वोट की ताकत बताई। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट से आज राम मंदिर बना। जम्मू-कश्मीर में आपके एक वोट से 370 हट गई। पीएम ने कहा कि आपके आशीर्वाद से मोदी पर 25 साल में एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। मोदी मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआ है। परिवारवाद पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग अपने बच्चों के लिए पैसा जमा कर रहे हैं। मेरे पास ना साइकिल है ना घर। मेरा परिवार और वारिस तो आप लोग हैं। मैं आपको विकसित भारत देना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन लोगों को मेरे आंसू अच्छे लगते हैं। कांग्रेस की डरपोक सरकार दुनिया में जाकर रोती थी। आज पाकिस्तान दुनियाभर में जा-जाकर रोता है। आज पाकिस्तान के नेता कांग्रेस को पीएम बनाने के लिए दुआ कर रहे हैं। मजबूत भारत आज मजबूत सरकार ही चाहता है। पीएम ने कहा कि मां भारती का अपमान नहीं सहेंगे। मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है। भारत ने पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था। पहले कोई समय ऐसा नहीं होता था कि देश की सेवा करते-करते नौजवान सीमा पर शहीद ना होते हों। पहले ये हर महीने चलता था। आज ये सब बंद हो चुका है। ये आपके एक वोट ने किया है। वहीं गुमला में उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को घेरा। पीएम ने कहा ये मेरे खिलाफ वोट जिहाद कर रहे। ये कुछ भी कर लें लेकिन देश पीछे हटने वाला नहीं और मोदी डरने वाला नहीं। इंडी गठबंधन को मूर्खों का सरदार बताते हुए कहा कि मेरे खिलाफ झूठ फैलाते हैं कि मैं आऊंगा तो आरक्षण खत्म कर दूंगा। मैं तो 10 साल पहले ही आ चूका। दो बार से पीएम भी हूं। सच तो ये हैं कि इंडी गठबंधन वाले आपके आरक्षण में डाका डालकर उसे मुसलमानों को देना चाहते हैं, लेकिन जब तक मैं हूं..ऐसा होने नहीं दूंगा। पीएम ने कहा कि झारखंड में कोई ऐसा एग्जाम नहीं है, जिसका पेपर लीक नहीं होता हो। यहां की सरकार से कुछ नहीं होगा तो मुझे ही दिल्ली से बैठकर डंडा चलाना पड़ेगा। हमने पेपरलीक के लिए बड़ा कानून बनाया।

### पीएम ने इंडी गठबंधन को बताया मूर्खों का सरदार

पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले मेरे खिलाफ झूठ फैलाते हैं। वो कह रहे हैं कि मैं आऊंगा तो संविधान बदल दूंगा। आरक्षण खत्म कर दूंगा। मूर्खों के सरदार मैं तो 10 साल पहले ही आ चुका हूं। 10 साल से पीएम हूं। कांग्रेस



खुद आरक्षण में डाका डालने का काम कर रही है।

### जिसने झारखंड को लूटा वो जेल में

प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री ने झारखंड को लूटा। आज वो जेल में बंद हैं। भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई तो होगी ना। कोर्ट भी इस पर ठप्पा लगा रहा है। मैं कहता हूं भ्रष्टाचारियों को भगाओ, इंडी वाले कहते हैं- भ्रष्टाचारियों को बचाओ।

### कांग्रेस सांसद के घर नोटों के ढेर मिले

पीएम ने कहा कि कांग्रेस सांसद के घर से नोटों के ढेर मिले। इतने पैसे कि गिनने के लिए आई मशीनें भी हांफने लगीं। ये पैसा आपका है, इतनी लूट का अधिकारी इन्हे किसने दिया।

### झारखंड में पेपरलीक होते हैं

पीएम ने कहा कि झारखंड में कोई ऐसा एग्जाम नहीं है, जिसका पेपरलीक नहीं होता हो। इससे झारखंड के युवाओं का क्या होगा। यहां की सरकार से कुछ नहीं होगा तो मुझे ही दिल्ली से बैठकर डंडा चलाना पड़ेगा। हमने पेपरलीक के लिए बड़ा कानून बनाया।

### द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का इंडी गठबंधन ने विरोध किया था

पीएम ने पिछड़ों जिलों के लिए चल रहे विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इसका सुझाव मुझे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने दिया था। आगे उन्होंने कहा कि आपलोग को नहीं भूलना चाहिए कि एक आदिवासी दलित बेटी द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाने का सबसे ज्यादा विरोध इंडी गठबंधन ने किया था।

### कांग्रेस के पाप की लिस्ट बनाए तो कई दिन निकल जाएं

पीएम ने कहा कि कांग्रेस के पाप की लिस्ट बनाए तो कई दिन निकल जाएं। ये कांग्रेस ही है, जिसने पलामू, गुमला, लोहरदगा को पिछड़ा बताकर छोड़ दिया। इन जिलों में बिजली-पानी की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन मैंने इन जिलों को आकांक्षी जिले बनाया। आज ये आकांक्षी जिले देश के बाकी जिलों की राह पर आ गए हैं।

### कांग्रेस के शाही परिवार को तकलीफ हो रही

कांग्रेस के शाही परिवार को तकलीफ हो रही है। मैं सोचता हूं कि गरीब का परिवार भूखा ना रहे। उनके घर चूल्हा जलता रहे तो उनको परेशानी होती है। शाही परिवार कुछ भी कहे लेकिन मोदी ने मुफ्त राशन देने की गारंटी दे रखी है।

### पीएम बोले- गरीब युवा सोशल मीडिया का हीरो है

मैंने जब स्वच्छता अभियान शुरू किया तो कांग्रेस वालों ने गालियां दी। कहा- झाड़ू लगाने से क्या होगा। शौचालय बनाने से क्या होगा। आज देखिए इसका क्या फायदा हो रहा। मैंने जब मोबाइल का डेटा सस्ता किया तो जेएमएम-कांग्रेस वालों ने सवाल किया कि गरीब इंटरनेट का क्या करेगा। आज इंटरनेट के कारण गरीब सोशल मीडिया में हीरो है।

### मैंने गरीबी को जिया है

पीएम ने कहा कि मेरे जीवन को आप भली-भांति जानते हैं। मैं गरीबी का जीवन जीकर आया हूं। मैंने गरीबी को जिया है। गरीब की जिंदगी कितनी तकलीफ वाली होती है, उससे मैं गुजरते-गुजरते यहां आया हूं। इसलिए 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणाओं ने मेरे अपने जीवन के अनुभव से जन्म लिया है। ये आंसू वही समझ सकता है जिसने गरीबी देखी हो। जिसने मां को धुंए में खांसते देखा नहीं उसे ये आंसू कभी समझ नहीं आ सकते। पीएम ने आगे कहा कि जिसने अपना पेट बांधकर मां को सोते नहीं देखा, जिसने लोटा भर पानी पीकर मां को भूख मिटाते नहीं देखा, जिसने अपनी बीमारी को छिपाते नहीं देखा, शौचालय के अभाव में पीड़ा और अपमान सहते नहीं देखा वो मोदी के इन आंसुओं का मर्म नहीं समझेगा। लेकिन ये कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं... वो तो गर्व से कहते हैं कि उनके घर में कई प्रधानमंत्री थे। वे चांदी के चम्मच से खाते रहे। गरीब की, दलित और आदिवासी झोपड़ी में फोटो खिंचवाते रहे लेकिन गरीब के लिए कुछ नहीं किया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक उदय प्रताप सिंह चौहान द्वारा कविता ऑफसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल ( म. प्र. ) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक- उदय प्रताप सिंह चौहान, मो.7223003441 ( प्रति सोमवार को प्रकाशित ) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। ) RNI.NO MPHIN/2015/63623